भारत सरकार

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय

भारी उद्योग विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2991

जिसका उत्तर दिनांक 29 अगस्त, 2013 को दिया जाना है

भेल में कर्मचारी

2991. श्री हरि मांझी:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में उत्तराखण्ड में हरिद्वार जिले के रानीपुर स्थित भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) में कुल कितने कर्मचारी कार्यरत हैं;

(ख) क्या भेल ने अपने कर्मचारियों के लिए कोई अस्पताल खोला है;

(ग) यदि हां, तो क्या उक्त अस्पताल में विभिन्न सुविधाओं का अत्यधिक अभाव है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री

(श्री प्रफुल पटेल)

(क): दिनांक 31.07.2013 की स्थिति के अनुसार हरिद्वार में भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल), रानीपुर मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री में कर्मचारियों की कुल संख्या 6,705 है।

(ख): जी, हां। हरिद्वार के रानीपुर में बीएचईएल का अपना अस्पताल 1968 से कार्य कर रहा है।

(ग): जी, नहीं। बीएचईएल की अन्य मुख्य यूनिटों की तरह उक्त अस्पताल में भी आवश्यक और पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं और जब आवश्यक होता है, मरीज की विशिष्ट आवश्यकता के आधार पर पैनल में शामिल चिकित्सा संस्थानों/ सुपर स्पेशियलिटी/ मल्टी स्पेशियलिटी अस्पतालों में तत्काल भेजा जाता है।

(घ) और (ङ): उपर्युक्त (ग) की दृष्टि से प्रश्न नहीं उठता।

*****